दिल्ली से उत्तराखंड के कोटद्वार के बीच जल्द चलेगी ट्रेन, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की हामी

देश की राजधानी दिल्ली से उत्तराखंड के कोटद्वार के बीच अब जल्द ही ट्रेन का संचालन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में रेल यात्रियों को बहुत ही ज्यादा लाभ होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हामी भरी है।

ऐप पर पढ़ें

Himanshu Kumar Lall देहरादून, हिन्दुस्तान

Thu, 28 Sep 2023 10:04 AM

हमें फॉलो करें

देश की राजधानी दिल्ली से उत्तराखंड के कोटद्वार के बीच अब जल्द ही ट्रेन का संचालन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में रेल यात्रियों को बहुत ही ज्यादा लाभ होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ट्रेन के संचालन की मंजूरी दे दी है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और सांसद अनिल बलूनी ने अगस्त में केंद्रीय मंत्री के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।

विज्ञापन

दरअसल,पहले मसूरी एक्सप्रेस में नजीबाबाद में दो डिब्बे अलग से जुड़ते थे। ये डिब्बे कोटद्वार से संचालित होते थे। कोविडकाल के बाद इन डिब्बों की सुविधा बंद हो गई। इससे कोटद्वार और पौड़ी के व्यापारियों के साथ सेना के जवानों का रात में सफर [illegible] गया था। बुधवार को वैष्णव ने बलूनी को पत्र भेजकर बताया कि कोटद्वार से ट्रेन के दो डिब्बों के संचालन को मंजूरी दे दी है, जल्द ही संचालन शुरू हागा।

ऐप पर पढ़ें

बलूनी ने उनका आभार जताया। उधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिपिन कैंथोला ने बताया, जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने इस बाबत सांसद बलूनी से भेंट की थी। उन्होंने कहा कि इससे लैंसडौन आने वाले पर्यटकों की यात्रा भी सुगम होगी। लैंसडौन में गढ़वाल राइफल का मुख्यालय है। यहां से बड़ी संख्या में जवान दिल्ली होकर देश की सीमाओं के लिए जाते हैं।

हिन्दुस्तान
ऐप में फ्री
ई- पेपर
शहर चुनें
होम NCR क्रिकेट लाइव स्कोर देश मनोरंजन एजुकेशन फोटो वीडियो